### 28 हजार की ठगी में 20 हजार बरामद, कार व मोबाइल जब्त, जबलपुर-सिवनी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से मिली सफलता

# 5 करोड़ का झांसा देकर ठगी करने वाले 'बाबा' गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

5 करोड़ रुपये मिलने का झांसा देकर ठगी करने वाले शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बरगी पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ठगी की गई राशि में से 20 हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त कार और मोबाइल फोन जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के निर्देशन में त्वरित रूप से की गई। टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि फरियादी पवन कुमार पटेल (33), निवासी मंशी मोहल्ला बरगी 11 अप्रैल को अपने परिचित चेतराम सरोते के साथ सीमेंट लेने जा रहा था। खमरिया तिराहा के पास एक व्यक्ति बाबा के वेश में मिला, जिसने भूख का हवाला देकर पैसे मांगे और फिर कथित तंत्र-मंत्र के जरिए 5 करोड़ रुपये मिलने का प्रलोभन दिया। आरोपी ने चालाकी से 28 हजार रुपये अपने कब्जे में लेकर मौके से फरार हो गया।

## फिल्मी अंदाज में वारदात, हाईवे पर दबोचे गए आरोप



घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। एएसपी अंजना तिवारी एवं सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा के मार्गदर्शन में टीआई नीलेश दोहरे के नेतृत्व में टीम गठित की गई। आरोपियों के हुलिये और वाहन नंबर के आधार पर सिवनी पुलिस को अलर्ट किया गया। आदेगांव पुलिस ने हाईवे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध बलेनो कार यूपी 14 डीई 4939 को रोककर उसमें सवार दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया।

## पूछताछ में कबूला जुर्म

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नवीन नाथ (28) निवासी पलवल हरियाणा एवं विक्रम नाथ (36) निवासी नोएडा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने ठगी की वारदात स्वीकार की। उन्होंने बताया कि 28 हजार में से 8 हजार रुपये खर्च कर चुके हैं। पुलिस ने शेष 20 हजार रुपये, कार और मोबाइल जब्त कर लिया है।

## पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

ठगी के प्रकरण का खुलासा करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार करने में टीआई दोहरे, एसआई अनिल कुमार, प्रधान आरक्षक होमनलाल, आरक्षक सुधीर कुमार सिंह, अजय शर्मा, विपुल कुमार सिंह एवं सिवनी जिले की आदेगांव पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 3.48 करोड़ होल्ड, 70 लाख रुपये पीड़ितों को लौटाए

# जबलपुर साइबर सेल का सख्त प्रहार

### पुलिस कप्तान के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई, 712 शिकायतों पर तेजी से जांच, 65 मामलों में एफआईआर दर्ज

हरिभूमि, जबलपुर।

साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के बीच जबलपुर पुलिस की साइबर सेल ने प्रभावी और त्वरित कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के स्पष्ट निर्देशों के तहत वर्ष 2026 में अब तक साइबर धोखाधड़ी के प्रकरणों में लगभग 3.48 करोड़ रुपये की राशि होल्ड/लीन कराई गई है। इनमें से करीब 70 लाख रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए जा चुके हैं, जबकि शेष राशि लौटाने की प्रक्रिया जारी है। एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में डीएसपी साइबर अंजुल अयंक मिश्रा एवं साइबर सेल की टीम द्वारा प्रत्येक शिकायत पर त्वरित तकनीकी विवेचना की जा रही है। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसी आरपी) पर वर्ष 2026 में अब तक जबलपुर जिले से 712 शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिन पर समयबद्ध कार्रवाई कर पीड़ितों को राहत पहुंचाई जा रही है।

## गंभीर मामलों में सख्ती, 65 एफआईआर दर्ज

साइबर धोखाधड़ी के गंभीर मामलों में पुलिस द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए इस वर्ष अब तक 65 एफआईआर विभिन्न थानों में दर्ज की गई हैं। एक लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी वाले मामलों में तत्काल प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों तक पहुंचने के लिए तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की गई है।

## 'गोल्डन आवर' रणनीति बनी सफलता

जबलपुर पुलिस द्वारा प्रत्येक थाने में साइबर हेल्प डेस्क स्थापित की गई है, जिससे धोखाधड़ी की घटना के तुरंत बाद 'गोल्डन आवर' में शिकायत दर्ज कर बैंकिंग चैनलों में राशि को होल्ड कराया जा सके। इसी रणनीति के चलते बड़ी रकम को समय रहते रोकने में सफलता मिली है और पीड़ितों को शीघ्र राहत मिल रही है।

## जनजागरूकता पर विशेष जोर

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, संदिग्ध ऐप या आकर्षक निवेश योजनाओं के झांसे में न आएं। बैंक खाते, ओटीपी या अन्य व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। टेलीग्राम, व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें।

## तत्काल दर्ज करें शिकायत

साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर सेल जबलपुर के नंबर 7701050010 पर संपर्क करें, अथवा **www.cybercrime.gov.in** पर शिकायत दर्ज करें। जबलपुर पुलिस का संदेश स्पष्ट है सतर्कता ही सुरक्षा है।

### गढ़ा व चरगवां में कार्रवाई, बोलेरो और एक्टिवा ज़ब्त

# अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

अवैध शराब कारोबार के खिलाफ जबलपुर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से भारी मात्रा में शराब के साथ परिवहन में प्रयुक्त वाहन भी जब्त किए हैं। टीआई गढ़ा प्रसन्न शर्मा ने बताया कि ने मुखबिर की सूचना पर देवताल क्षेत्र में घेराबंदी कर बोलेरो क्रमांक एमपी 13 जेडवी 0368 को पकड़ा। वाहन में सवार अमन सोनी और अर्जुन सोनी के कब्जे से 6 पेटियों में 72 बॉटल बीयर, जिसकी कीमत लगभग 46 हजार 800 रुपये है, बरामद की गई। आरोपी अवैध रूप से शराब का परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने बीयर और वाहन जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। वहीं थाना चरगवां टीआई अभिषेक प्यासी ने बताया कि भीकमपुर रोड स्थित नहर पुलिया के पास दबिश देकर एक्टिवा एमपी 20 एसपी 9263 सवार लक्ष्मण बर्मन 26 को गिरफ्तार किया। उसके पास से 314 पाव देशी शराब बरामद हुई, जिसे वह बेचने की फिराक में था। पुलिस ने शराब व वाहन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।



### हज यात्रियों के लिए तर्बियती कैंप 14 अप्रैल को

**जबलपुर।** जमाअत रज़ा-ए-मुस्तफा जबलपुर की ओर से हज पर जाने वाले यात्रियों के लिए तर्बियती (प्रशिक्षण) कैंप का आयोजन मंगलवार, 14 अप्रैल को किया जाएगा। यह कैंप नमाज़-ए-मगरिब के बाद ईदगाह कलां, रानीताल में आयोजित होगा।कैंप में हज यात्रा से जुड़ी जरूरी जानकारियां, अरकान-ए-हज और विभिन्न प्रक्रियाओं का विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि हज यात्री अपनी यात्रा को सही तरीके से अंजाम दे सकें।कार्यक्रम के अंत में नमाज़-ए-इशा के बाद भोजन की व्यवस्था भी रखी गई है। जमाअत रज़ा-ए-मुस्तफा के संयोजक मुफ्ती सैय्यद अब्दुल रहमान साहब ने सभी हज यात्रियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने की गुजारिश की है।

### दुर्घटना : गंगा सागर क्षेत्र में देर रात मचा हड़कंप

# टाल में भड़की आग 7 लाख की लकड़ी राख

**जबलपुर।** गढ़ा क्षेत्र के गंगा सागर स्थित एक लकड़ी के टाल में शनिवार की देर रात करीब 3 बजे आग लग गई। टाल के अंदर कुछ कर्मचारी भी सो रहे थे। वो आग की लपटे देखकर बाहर निकले, वर्ना बड़े हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता था। इस हादसे में टाल में रखी 7 लाख रुपए की लकड़ी जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंचे और करीब 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



गंगा सागर गढ़ा स्थित सत्य साईं टिम्बर एडं प्लाइवुड में देर रात तीन बजे के लगभग अचानक आग लग गई। लकडिय़ों में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रुप धारण कर लिया। टिम्बर टॉल से उठ रही आग की लपटें देख आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए, जिन्होने अपने स्तर पर आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन लकडिय़ों में लगी आग फैलती ही जा रही थी। तत्काल दमकल को खबर दी।

नगर निगम दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक के बाद एक करीब पांच गाडिय़ों ने मौके पर पहुंचकर करीब तीन घंटे तक लगातार पानी डाला तब आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी की घटना में टॉल में रखी करीब सात लाख रुपए की लकड़ी जलकर राख हो गई, इसके अलावा टॉल में रखा अन्य सामान भी जलकर खाक हो गया।

### शक्तिनगर में वारदात से सनसनी, घायल अस्पताल में भर्ती

# बेटे की गवाही पक्ष में कराने पिता पर तलवार से हमला

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत शक्ति नगर चौक गुप्तेश्वर में कल रात एक मोटरसायकिल में तलवार लेकर आए तीन बदमाशों ने खाना खाकर टहल रहे पिता से उसके बेटे के बारे में पूछा, पिता ने कोई जानकारी नहीं दी तो, उन पर तलवार से हमला कर दिया। सिर व गर्दन में गंभीर चोटे आने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।



गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शक्ति नगर चौक गुप्तेश्वर निवासी मनोज विश्वकर्मा रात 11.30 बजे के लगभग खाना खाकर घर के बाहर टहल रहे थे। इस दौरान नंदू उर्फ नीतेश तिवारी अपने दो साथियों के साथ मोटर साइकल से आए। जिसने मनोज को रोककर बेटे राजा के बारे में पूछताछ की। मनोज यह कहकर आगे बढ़ गया कि उसे नहीं मालूम राजा कहा है, घर में भी नहीं है। जिसपर तीनों बदमाशों ने मनोज को रोककर तलवार से हमला कर दिया। मनोज विश्वकर्मा के सिर व गर्दन में चोटें आ गई, चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गए तो, हमलावर वहां से भाग गए। तीनों बदमाशों ने धमकी दी कि अपने लड़के राजा को समझा लो वर्ष 2024 में मेरा जो केस न्यायालय में चल रहा है राजा की गवाही होनी है गवाही मेरे पक्ष में नहीं दिया तो राजा को गोली मार कर हत्या कर दूंगा उस बार तो बच गया था दुबारा नहीं बचेगा। पुलिस ने मामले में पूछताछ के बाद आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 232(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### पंज प्यारों की अगुवाई में निकला भव्य नगर कीर्तन

# तीन दिवसीय बैसाखी महापर्व का आगाज

**जबलपुर।** गुरुद्वारा प्रेमनगर में आज से तीन दिवसीय बैसाखी महापर्व की शानदार शुरुआत हो गई। यहां पंज प्यारों की अगुवाई में जहां भव्य नगर कीर्तन निकाला गया वहीं दूसरी तरफ मदनमहल स्थित दशमेश द्वार के शीर्ष पर खालसा पंथ का धार्मिक प्रतीक चिह्न खंडा साहिब स्थापित किया गया । इस मौके पर मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जसवीर सिंह ने चढ़दी कला की विशेष अरदास प्रार्थना संपन्न करवाई । तदोपरान्त श्रीगुरू ग्रंथ साहिब जी का मुखवाक आदेश श्रवण करवाया । इस मौके पर मीठी लस्सी छबील के साथ ही गुरु का लंगर वितरित किया गया। प्रधान साहब मंजीत सिंह ननडा ने आभार व्यक्त किया। रणजीत सिंह भोमराह एवं सचिव सुरिंदर सिंह ने संचालन किया।इस दौरान प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारीगण चरण जीत सिंह कैला, हरमीत सिंह धन्जल, बलजीत सिंह मांगट,अवतार सिंह प्लाहा, अजायब सिंह कैंबो एवं पार्षद श्रीमती निशा राठौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल रहे। बैसाखी महापर्व का पहला कीर्तन दरबार आज 13 अप्रैल को रात्रि 7 बजे से अर्धरात्रि 12.15 बजे तक लगेगा । इसमें देश विदेश के प्रसिद्ध रागी जत्थे एवं कथाकार और इतिहासविद शिरकत करेंगे। 14 अप्रैल को दिनभर धूमधाम के साथ बैसाखी महापर्व मनाया जाएगा।



### पैनल जांच कर्ताओं की मिली भगत से गोल्ड लोन में फर्जीवाड़ा

# नकली जेवरों से बैंक को लगी 16 लाख की चपत

**जबलपुर।** लार्डगंज थानान्तर्गत पंजाब नेशनल बैंक की सुपरमार्केट स्थित शाखा में आधा दर्जन लोगों ने नकली सोने के जेवर गिरवी रखकर पैनल जांच कर्ताओं की मिली भगत के साथ उसे असली बताकर बैंक को साढ़े 16 लाख रूपए की चपत लगा दी। शिकायत के अवलोकन के बाद बैंक में गिरवी रखे सोने की जेवर नकली पाये जाने पर दो पैनल जांचकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक की सुपर मार्केट शाखा के प्रबंधक सुभाष कुमार ने शिकायत दर्ज करायी थी कि शाखा में बैंक के पैनल वैल्युअर्स के साथ मिलकर कुछ लोगों ने नकली सोना गिरवी रखकर गोल्ड लोन हासिल कर सुनियोजित तरीके से बैंक के साथ अपराधिक धोखाधड़ी की है। इस धोखाधड़ी में बैंक के गोल्ड वैल्युअर्स फर्म अभिनव ज्वेलर्स के राजीव सोनी व आशुतोष सराफ ने गोल्ड लोन के फर्जीवाड़े में शामिल लोगों की मिली भगत की है। उक्त दोनों जांचकर्ताओं ने पूर्व नियोजित षडयंत्र के तहत ग्राहकों द्वारा लाये गये नकली जेवरों को असली सोने का बताकर फर्जी एवं कूटरजित रिपोर्ट तैयार कर बैंक से गोल्ड लोन स्वीकृत कराने में मदद की। गोल्ड लोन के फर्जीवाड़े में शामिल बुसरा कुरैशी ने ६ नग चूड़ियां गोल्ड लोन के लिए गिरवी रखी थी जिसे पैनल वैल्युअर राजीव सोनी ने सही बताया था वहीं इसके बाद आशुतोष सराफ ने भी जेवर को असली सोने का बताया था जिसके आधार पर उसे 1 लाख 98 हजार लोन स्वीकृत हुआ था इस तरह ब्याज समेत यह राशि अब 2 लाख 23 हजार 14 रूपए पहुंच गई है। इसी तरह लक्ष्मी प्रसाद कडेरे ने नकली सोने के जेवर रखकर वैल्युअर राजीव सोनी व आशुतोष सराफ की मदद से उसे असली बताते हुए 1 लाख 67 हजार व 2 लाख 3 हजार 7 सौ रूपए का लोन लिया था इस तरह उसके लोन ब्याज समेत लोन की राशि 4 लाख 15 हजार रूपए पहुंच गई है। इसी तरह सुशीला पटैल, निशा मंसूरी, अचिन उरमलिया व सुन्दर लाल साहू ने भी वैल्युअर पैनल की मदद से नकली सोने के जेवर गिरवी रख गोल्ड लोन निकालकर बैंक को लाखों की चपत लगायी है। इस तरह आधा दर्जन लोगों द्वारा नकली जेवर रखकर गोल्ड लोन का फर्जीवाड़ा करने से बैंक को साढ़े 16 लाख रूपए का प्रत्यक्ष नुकसान हुआ है।

### जबलपुर पुलिस का सख्त एक्शन...

# कांबिंग गश्त में 310 वारंट तामील, फरार अपराधियों की धरपकड़

### पुलिस कप्तान सम्पत के निर्देशन में रातभर चला अभियान, अवैध शराब कारोबार पर भी करारा प्रहार

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने शनिवार रात व्यापक स्तर पर कांबिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में रात 9 बजे से तड़के 2 बजे तक चले इस विशेष अभियान में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ दबिश देकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

अभियान में एएसपी आयुष गुप्ता, जितेंद्र सिंह एवं अंजना तिवारी सहित सभी नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी और थाना प्रभारियों की सक्रिय भागीदारी रही। पुलिस लाइन से अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया, जिससे संवेदनशील और अपराध संभावित क्षेत्रों में पैदल गश्त कर प्रभावी एरिया डॉमिनेशन किया गया।



## फरार आरोपियों पर कसी नकेल

कांबिंग गश्त के दौरान पुलिस टीमों ने वर्षों से फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की। कुल 152 गैर म्यादी वारंट, 96 गिरफ्तारी वारंट और 62 जमानती वारंट तामील किए गए। लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर आरोपी अब कानून के शिकंजे में आ गए हैं, जिन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## अवैध कारोबारियों पर भी कार्रवाई

अभियान के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर भी सख्त प्रहार किया गया। पुलिस ने 23 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 16 लीटर कच्ची शराब एवं 95 पाव देशी-विदेशी शराब जब्त की। इस कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

## जनसुरक्षा पर विशेष फोकस

पुलिस टीमों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच के साथ देर रात घूमने वालों से पूछताछ कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया।

## अभियान रहेगा जारी

पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और जिले में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है।

# अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ युवा कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन आज

**जबलपुर।** केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई किसान विरोधी ट्रेड डील के विरोध व अन्य मुद्दों को लेकर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा आज जबलपुर में बड़ा प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब जबलपुर पहुंच रहे है। आज सोमवार 13 अप्रैल को सिविक सेंटर में आम सभा के बाद युवा कांग्रेस की रैली कलेक्ट्रेट का घेराव करने जायेगी। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने बताया कि 13 अप्रैल को सुबह 11 बजे सिविक सेंटर, जबलपुर में विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी। सभा के बाद हजारों कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और बेरोजगारी चरम पर है, जिससे आमजन त्रस्त है। प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने विशेष रूप से प्रस्तावित भारत-अमेरिका ट्रेड डील का विरोध करते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय किसानों और छोटे व्यापारियों के हितों के खिलाफ है। युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवि सिंह चौहान ने कहा कि पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, जिससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है।

## प्रज्ञा बिहार कालोनी में भागवत कथा

# भगवान ने अपने मित्र सुदामा के चरण धोये : नृसिंह देवाचार्य





**सिहोरा।** ब्राह्मण सुदामा की मैत्री का अदभुत दृश्य देखने में आया क्योंकि श्रीजनक ने श्री राम के चरण और केवट ने श्रीराम के राजा बली ने बामन के चरण धोये, अतः भक्तों में भगवान के चरण धोये यह तो इतिहास में कई बार देखने में आता है पर भगवान ने भक्त के चरण धोये यह केवल सुदामा चरित्र में ही प्राप्त है प्रभु द्वारिकाधीश ने अपने प्रिय मित्र विप्र सुदामा के चरण स्वयं अपने नयनों के जल से धोये थे उक्ताशय के उदगार गीता धाम के महंत परम पूज्य स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी ने प्रज्ञा बिहार कालोनी में मनेन्द्र अग्निहोत्री, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रश्मि अग्निहोत्री के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा में सुदामा चरित्र की मीमांसा करते हुए व्यक्त किए। आगे कहा सुदामा की पत्नी सुशीला ने सुदामा को श्रीकृष्ण को देने के लिए मैले कुचैले वस्त्र में चांवल बांधकर दिए उसके बाद उन्होंने अपनी दीनता दरिद्रता भी दे दी अर्थात हम जैसी जो स्थिति है हो उसी रूप में भगवान को समर्पित हो जायें भगवान हमें स्वीकार कर लेंगे सुशीला एक गरीब ब्राह्मणी थीं और उन्होंने अपने पति सुदामा के साथ बहुत ही साधारण जीवन व्यतीत किया था। वे पतिव्रता और धर्मपरायण महिला थीं और भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। भगवान ने भी तीन मुट्ठी चावल खाकर सुदामा को सारा ऐश्वर्य प्रदान कर दीनता दरिद्रता समाप्त कर दी। कथा के पूर्व आयोजक मंडल के देववती अग्निहोत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे, प्रकाश पांडे, शैलेन्द्र दुबे, दिनेश गुप्ता, सोनू कठल, चीकू तिवारी, अभिषेक परौहा, संदीप तिवारी, रमा चौरसिया, प्रवीण कुररिया,राजकुमार तिवारी आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# गोल बाजार की सूरत बदलने की तैयारी, अब सड़कों पर नहीं, फुटपाथ पर टहलेंगे राहगीर



**निगमायुक्त ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने दिए निर्देश**

**जबलपुर।** शहर के सबसे व्यस्ततम और हृदय स्थल माने जाने वाले गोल बाजार क्षेत्र का जल्द ही कायाकल्प किया जाएगा। नगर निगम ने इस पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित, अतिक्रमण मुक्त और सुंदर बनाने का निर्णय लिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों की टीम के साथ क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया और स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

### प्रमुख बदलाव जो आप जल्द देखेंगे

निगमायुक्त ने बताया कि गोल बाजार के चारों ओर के फुटपाथों को पूरी तरह व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि पैदल चलने वालों को कोई परेशानी न हो। सड़कों और फुटपाथों पर होने वाले अवैध कब्जों को हटाकर आवागमन को सुगम बनाया जाएगा।

### बैकलेन का होगा कायाकल्प

बाजार की बैकलेन की विशेष सफाई कराई जाएगी। इन्हें इतना स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा कि नागरिक वहां सुबह-शाम वॉक कर सकें। पूरे क्षेत्र को 'ग्रीन और क्लीन' जोन की तरह विकसित किया जाएगा, जिससे स्थानीयजन स्वास्थ्य लाभ ले सकेंगे।

### निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे अधिकारी

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, वीएन बाजपेई, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन आदि उपस्थित रहे।



## मां नर्मदा पुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसमूह

**बरेला।** वार्ड नंबर 12 स्थित आईएसडीपी कॉलोनी गार्डन ग्राउंड में मुख्य यजमान श्री दयाराम झारिया के निवास पर आयोजित मां नर्मदा पुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से कथा का रसपान किया। कथा व्यास भगवताचार्य पं. रामगोपाल उपाध्याय जी ने अपने मुखारविंद से नर्मदेश्वर धाम का भावपूर्ण वर्णन किया।इस अवसर पर मेहरा झारिया समाज संगठन बरेला, बरगी, जबलपुर तथा झारिया समाज संगठन इकाई बरेला के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने व्यास पीठ व महाराज जी का साल, श्रीफल व पुष्पहार से सम्मान किया तथा कथा में बैठे यजमानों को अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में शंभू झारिया, औजीलाल झारिया, सुरेश झारिया, रामसेवक झारिया, विपिन झारिया, रमेश नोखे झारिया, सुखदेव झारिया, मुकेश झारिया, रमेश झारिया, आभास झारिया, किसन झारिया, महेंद्र झारिया (मनेरी), ज्ञानी झारिया, प्रकाश झारिया, देवलाल झारिया, सचिव जगदीश झारिया, झनक झारिया, नर्मद झारिया, जगन झारिया सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

## पश्चिम मध्य रेल में टिकट चेकिंग से राजस्व में 15% वृद्धि, जबलपुर मंडल अव्वल

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल (पमरे) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में टिकट चेकिंग अभियान के जरिए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राजस्व में लगभग 15 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन एवं प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में सघन जांच अभियान चलाए गए। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक कुल 18 लाख 63 हजार प्रकरण पकड़े गए, जिनमें बिना टिकट यात्रा, अनबुक्ड लगेज एवं अनियमित टिकट शामिल रहे। इनसे कुल 127 करोड़ 15 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के 110 करोड़ 98 लाख रुपये की तुलना में 14.57 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड द्वारा 35 हजार प्रकरणों से 2 करोड़ 15 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया। वहीं जबलपुर मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 8 लाख 22 हजार प्रकरणों से 59 करोड़ 75 लाख रुपये अर्जित किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 27 प्रतिशत अधिक है और निर्धारित लक्ष्य से भी करीब 4 प्रतिशत ज्यादा है। भोपाल मंडल में 6 लाख 16 हजार प्रकरणों से 39 करोड़ 18 लाख रुपये (4% वृद्धि) तथा कोटा मंडल में 3 लाख 90 हजार प्रकरणों से 26 करोड़ 7 लाख रुपये (8% वृद्धि) का राजस्व प्राप्त हुआ। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे बिना टिकट यात्रा न करें तथा यात्रा से पूर्व वैध टिकट अवश्य लें। यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आगे भी टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

## लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी और जन सेवक थे बड़े बब्बू



**सिहोरा।** पूर्व विधायक स्व. प्रभात पांडे की बारहवीं पुण्यतिथि पर रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन निज निवास पहरेवा में किया गया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में पूर्व विधायक स्वर्गीय पांडे को सभी वर्गों के साथ प्रेम,सद्भाव,भाईचारा बनाए रखने वाले व्यक्तित्व का धनी बताया। श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जेष्ठ पुत्र बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे ने कहा कि उनके पिता जीवन पर्यन्त इस क्षेत्र की बेहतरी के लिए काम करते रहे और दो बार के विधायक काल में उन्होंने क्षेत्र में अनेको विकास कार्य कराये। कार्यक्रम मे उपस्थित भीड़ ने यह साबित कर दिया कि उनका व्यक्तित्व,कृतित्व, सेवा और समाज के प्रति समर्पण आज भी जिंदा है श्रद्धांजलि सभा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडे, विनय असाटी, प्ांजल पांडे, वैभव पांडे, सतीष जैन, कैलाश पंजाबी, राजा मोर, अभिषेक तिवारी, सतीश जैन, प्रवीण पटेल, अमित दिक्षित, अशोक खरे,श्याम शुक्ला, भरतु नायक, अभिषेक परोहा, शंशाक पांडे, नरेश शुक्ला, सुनील पटेल, पी वी संजय, एम आई सिद्धकी, अरुण जैन, शिशिर पांडे, विनय परिहार, बिट्टू दुआ, प्रवीण कुररिया, राजकुमार तिवारी, प्रशांत जैन,रामनारायण श्रीवास आदि उपस्थित थे।



## जबलपुर में राज्य स्तरीय क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आयोजित, महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से महिला वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर पदक वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अनुराग सोनी, कैलाश गुप्ता, स्वप्निल पाठक, समाज सेठी, अनुरोध पटेरिया, संगीता शर्मा एवं राकेश तिवारी द्वारा विजेताओं को पदक प्रदान किए गए। टीम प्रतिस्पर्धा में सब जूनियर वर्ग का खिताब इंदौर, जबलपुर और उज्जैन की टीमों ने हासिल किया, जबकि जूनियर वर्ग में इंदौर, जबलपुर और भोपाल की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया।व्यक्तिगत स्पर्धाओं में सब जूनियर वर्ग की अक्षता भगत ने गोल्ड मेडल, तनीषा आशारानी ने सिल्वर और धनश्री जाटव ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं जूनियर वर्ग में पायल अहिरवार ने गोल्ड, नैन्सी केवट ने सिल्वर और रोशनी शेखावत ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर अपने जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना ने आयोजन को सफल और यादगार बना दिया।

### फागों का जंगी मुकाबला 15 अप्रैल को

**बरेला।** नगर के थाने के सामने स्थित रामलीला रंगमंच में 15 अप्रैल, बुधवार को फागों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाकवि राम बर्मन एवं महिला कवित्री राधा मल्लाह के बीच रोचक मुकाबला आकर्षण का केंद्र रहेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश प्रीत (प्रदेश अध्यक्ष, मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संगठन) उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सर्व यूनियन जिला अध्यक्ष अरविंद तिवारी, तहसीलदार शशांक दुबे एवं थाना प्रभारी आईपीएस शुभम सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। आयोजन समिति के आशीष शुक्ला, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश सोनी, अमित शुक्ला, रजनीश माझी, रितेश श्रीवास, मयंक जैन, विमल विश्वकर्मा, संजय तिवारी एवं नितेश उपाध्याय ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## ईश्वरीय विश्वविद्यालय शिव दर्शन केंद्र में समर्पण समारोह संपन्न



**बरेला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के शिव दर्शन भवन, बरेला सेवा केंद्र के सभागार में नगर के प्रतिष्ठित साहू परिवार की सुपुत्री ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन का समर्पण समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर जबलपुर परिक्षेत्र में सेवारत ब्रह्माकुमारी बहनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रामलीला रंगमंच से शिव दर्शन भवन तक निकाली गई भव्य समर्पण रैली से हुई, जिसमें महाकौशल परिक्षेत्र की ब्रह्माकुमारी बहनें, जबलपुर सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके भावना बहन, पंजाब जोन से बीके जगदीश भाई, इंदौर से बीके उमा बहन, बरेला सेवा केंद्र की संचालिका बीके अनीता बहन सहित बड़ी संख्या में भाई-बहन एवं माताएं शामिल हुए। समारोह में बीके ज्योति बहन का श्रृंगार कर सम्मान किया गया। उन्होंने शिव भगवान को वरमाला अर्पित कर अपने समर्पण जीवन की प्रेरणादायक यात्रा साझा की। शाहपुरा से आई बीके उषा बहन ने समर्पित जीवन का महत्व बताया, जबकि बीके भूमि बहन ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डाला। बीके उमा बहन ने आशीर्वचन दिए एवं बीके वर्षा बहन ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कु. मुस्कान, कु. प्रिया एवं कु. मधु बहन ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन बीके प्रकाश भाई ने किया एवं आभार प्रदर्शन बीके अनीता बहन ने किया। इस अवसर पर सरपंच आशीष शुक्ला, कृष्ण कुमार साहू, रजनीश बर्मन, दिनेश सोनी, समाजसेवी अरविंद तिवारी, आशीष जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## पंचवटी घाट की सीढ़ियां अंधेरे में, नर्मदा दर्शन में हो रही परेशानी

**भेड़ाघाट।** नौका विहार स्थित पंचवटी घाट पर अव्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घाट की सीढ़ियां अंधकार में डूबी हुई हैं, जिससे रात्रि में मां नर्मदा के दर्शन करना मुश्किल हो गया है।बताया जा रहा है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु रात्रि के समय नर्मदा दर्शन के लिए पहुंचते हैं, लेकिन घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने से उन्हें असुविधा होती है। वहीं सीढ़ियों पर अतिक्रमण और गंदगी का साम्राज्य भी फैला हुआ है, जिससे हालात और बिगड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा नौका विहार पंचवटी घाट पर व्यवस्थाओं की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने जल्द से जल्द प्रकाश व्यवस्था सुधारने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को राहत मिल सके।

## मानव श्रृंखला बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश



**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड पाटन में सीएमसीएलडीपी के छात्रों एवं नवांकुर संस्थाओं के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संगोष्ठी एवं पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया एवं विकासखंड समन्वयक नूपुर खरे की उपस्थिति रही। श्री रायपुरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान में छात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी को निरंतर जनजागरूकता के लिए कार्य करना चाहिए। इस दौरान पूर्व छात्रों ने परिषद से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। छात्रों ने नगर में मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया एवं सभी ने जल बचाने की शपथ ली। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बनाया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि रामनारायण सिंह, जितेंद्र राठौर, उमाकांत यादव, परामर्शदाता रामराजा यादव, कामता प्रसाद सेन, श्रीमती प्रियंका जैन, कमल झारिया, यशवंत सेन सहित सीएमसीएलडीपी के वर्तमान एवं पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त प्राचार्य महेश पचौरी पंचतत्व में विलीन

**नरसिंहपुर ।** सेवानिवृत्त प्राचार्य महेश पचौरी रविवार की शाम पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका देहावसान सुबह करीब 6 बजे हो गया था। इसके बाद शाम 4 बजे उनकी अंतिम यात्रा विकास नगर स्थित निवास से निकली। करीब 5.30 बजे को ठी बा जा र मोक्षधाम में उनके अनुज भ्राता पत्रकार एवं हरिभूमि न र सिं ह पु र ब्यूरो चीफ संजय पचौरी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान शहर के सभी समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद थे। पर्यावरण और गाय के प्रति पचौरी परिवार की प्रतिबध्दता को देखते हुए गौ काष्ठ से उनका अंतिम संस्कार किया गया। 82 वर्षीय महेश पचौरी सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती शंकुतला पचौरी के पति थे। उनकी चार पुत्रियां कनिका, निमिषा, विपाशा और तूलिका हैं।



**श्रीमती शशि बाला हांडा-** दशमेश द्वार के पास मदनमहल निवासी श्री शिव कुमार हांडा की धर्मपत्नी श्रीमती शशि बाला हांडा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पन्ना लाल सेन-** सेठी नगर पानी की टंकी के पास निवासी श्री पन्ना लाल सेन (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शालिनी डोंगरे-** गोरैया प्लाट आमनपुर मदनमहल निवासी श्री अनिल डोंगरे की धर्मपत्नी श्रीमती शालिनी डोंगरे (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रामकली बाई लोधी-** छापर रामपुर निवासी श्री बाबू लाल लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली बाई लोधी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु प्रसाद हथाले-** सिद्धार्थ नगर नेहरू वार्ड घोड़ा अस्पताल के पास निवासी श्री विष्णु प्रसाद हथाले (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार राठी-** अंजनी परिसर बीटी तिराहा गढ़ा निवासी श्री सुरेश कुमार राठी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन चौधरी-** चेरीताल चंडालभाटा नगर निगम बिल्डिंग निवासी श्री मदन चौधरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरीश चंद्र पासी-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री हरीश चंद्र पासी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती गिरजा शंकर शर्मा-** कांचघर पुलिस लाइन रोड फिसलना मंदिर के पास निवासी श्री गिरजा शंकर शर्मा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुषमा कछवाहा-** यादव कॉलोनी छोटी उखरी रोड निवासी श्री बोधराम कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा कछवाहा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुबसिया बाई गुप्ता-** ओम परिसर ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी सेमरिया रीवा वाले श्री भैया लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती दुबसिया बाई गुप्ता (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**कु. नंदिनी निषाद-** नई बस्ती कटनी निवासी श्री जगदीश प्रसाद निषाद की पुत्री कु. नंदिनी निषाद (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल कोरी-** खाई मोहल्ला हनुमानताल निवासी श्री मुन्ना लाल कोरी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा नामदेव-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री किशन लाल नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती राधा नामदेव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कौशल जाट-** कंजड़ मोहल्ला पूर्वी बेलबाग निवासी श्री कौशल जाट (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री रवींद्र कुमार श्रीवास्तव-** जेडीए कॉलोनी बाजनामठ मेडिकल रोड निवासी श्री रवींद्र कुमार श्रीवास्तव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
विजिटिंग साइज:- से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
विजिटिंग साइज:- से.मी. रंगीन 400/-
विजिटिंग साइज से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# अंतः करण के तम को शांत करता है रामनाम

**मानसजी गोस्वामी जी का रिसर्च वर्क नहीं अपितु सर्च वर्क ■ रामकथा के अष्टम दिवस युद्धलीला के वर्णन में रामभद्राचार्यजी ने खोले कई राज ■ कथा के कल अंतिम दिवस पर ख्याति प्राप्त गायिका सुश्री इशिता विश्वकर्मा देंगी प्रस्तुति**





**जबलपुर।** तुलसी पीठाधीश्वर, पद्म विभूषण, जगद्गुरू, रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी ने आयुर्वेद कॉलेज मैदान स्थित अवधपुरी पंडाल में चल रही श्रीरामकथा के अष्टम दिवस श्रीरामचरित मानस की अति गूढ़ व्याख्या की। युद्धलीला के वर्णन में उन्होंने मातृशक्ति की महानता, हिंदू संस्कृति की उच्चता, भारत की उत्तुंगता को भी कथा के माध्यम से रेखांकित किया। समरसता सेवा संगठन के तत्वावधान में हो रही 'राम जनम जग मंगल हेतू' विषयक रामकथा में महाराजश्री ने जोर देकर कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी किसी ग्रंथ के अनुवादक नहीं हैं, रामचरित मानस उनका रिसर्च वर्क नहीं अपितु सर्च वर्क है। मानस की गहराई को समझाते हुए उन्होंने कहा कि गोस्वामी जी को गुरु परंपरा से रामकथा प्राप्त हुई। मानसजी किसी का अनुकरण नहीं है, इसलिए ये जरूरी नहीं कि जो बाल्कीक जी कहें, वही गोस्वामी जी कहें। उन्होंने कहा कि शिवजी ने सीताजी के अनुग्रह से जो मानस प्रसाद पाप्त किया, उसी मानस प्रसाद को रामजी के नाम में निरत मानकर अपने अंतःकरण की पीड़ा को शांत करने के लिए तुलसी दास जी ने भाषावद्ध किया।

### छह कारणों से रामजी सबके प्रिय

महाराजश्री ने कहा कि ज्ञान शक्ति ऐश्वर्य तेज बल और वीर्य मतलब प्रभाव के कारण भगवान श्रीराम सबके प्रिय हैं, और सबको मंगल देते हैं। मंदाकिनी मैया की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि मानसजी में कहा गया है कि एक ऐसी नदी है हमारे भारत में, जिनका बखान बड़ी-बड़ी नदियां करती हैं। और, ये वाक्य मेरा नहीं तुलसीदास जी का है। सुरसरी सरसई विनकर कन्या-मेकल सुता गोदावरी धन्या..और सबसर सिंधु नदी नद नाना-मंदाकिनी कर करहिं बखाना चौपाई सुनाते हुए उन्होंने कहा कि गंगाजी-सरस्वती जी, यमुनाजी, नर्मदा जी और धन्य गोदावरी जी सहित अन्य सभी तालाब सागर सब, सभी नदियां अनेक नद मंदाकिनी जी की महिमा का बखान करते हैं। इतना सौभाग्य है मंदाकिनी जी का। वहां निरंतर श्री सीतारामजी स्नान करते हैं।

### भारतीय और पाश्चयत्य दर्शन में अंतर समझें

महाराजश्री ने जयंत कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भारतीय दर्शन और पाश्चयत्य दर्शन का एक अंतर समझ लेना चाहिए। शरीर तो सबका होता है पर पाश्चयात्य दर्शन में नारी को कामतृप्ति का साधन माना जाता है। वहीं भारतीय दर्शन में पत्नी को कामतृप्ति का साधन कभी नहीं माना जाता। महर्षि पाणिनी कहते हैं पत्नी काम तृप्ति का साधन नहीं वो राम तृप्ति का साधन है। वाइफ का अर्थ पश्चिम ने लगाया कि वंडरफुल स्टूमेंट फार एंजाय। जो वासनातृप्ति के लिए उपकरण है, उसको वाइफ कहते हैं। और, हमारी उच्च भारतीय मनीषा में कहा है कि जो अपने पति को पतन से बचा लेती है, उसे पत्नी कहते हैं। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि मनु जी ने नारियों की निंदा की। परंतु मैं कहता हूं मनु जी ने जितना सम्मान किया नारी का, उतना कोई कर ही नहीं सकेगा। मनुजी ने नारी को पूज्यनीय कहा। मानस में भगवान श्रीराम आदरपूर्वक सीताजी को वस्त्र धारण करवा रहे हैं। मानो शक्ति पूजा कर वे रावध वध के लिए शक्ति मांग रहे हों।

### नहीं हुआ श्री सीता जी का वनवास

श्रोताओं की कई शंकाओं का समाधान महाराजश्री ने मंच से किया। ये पूछने पर कि क्या माता सीताजी का निर्वासन हुआ था? महाराजश्री ने कहा कि नहीं। उन्होंने कहा कि धोबी ने सीताजी की निंदा की ही नहीं। सीताजी निरंतर अनिंदित हैं। उन्होंने कहा लवकुश का जन्म राजभवन में हुआ था। बाल्मीकजी के यहां वो पढ़ने गए थे। इसी तरह श्रीराम ने शंबूक को भी नहीं मारा। केवल सनातन धर्म के प्राण श्रीराम को अपमानित करने के लिए ये षडयंत्र किया गया है। सीता हरण से जुड़े एक प्रश्न पर महारज श्री ने कहा कि वास्तविक स्वरूप अग्नि में चला गया था, वह माया की सीता थी। रावण के वध के लिए वहां मां वेदवती का आविर्भाव हुआ था। चरैवेति का आशय क्या है ? पूछने पर महाराजश्री ने कहा कि कर्तव्य पथ पर सदा चलते रहने का नाम चरैवेति है। यह वेद का सिद्धंत है। प्रातः काल जो हनुमानजी का नाम लेने से से क्या भोजन नहीं मिलता ? पूछने पर महाराजश्री ने कहा कि हां, उसको इंद्रियों का भोग नहीं मिलता। भगवान का भजन ही मिलता है।

### अंतिम लक्ष्य नहीं है सिंहासन चढ़ते जाना

कथा पूर्व प्रस्तावना रखते हुए तुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्रदास जी ने कहा कि इस मंच से संदेश है चाहे पंथ अनेक हों पर हम सब हिंदू एक हो। उन्होंने कहा कि जीवन जीने का लक्ष्य ही वह है जो दूसरे के काम आए। उन्होंने पंक्ति पढ़ी कि पथ का अंतिम लक्ष्य नहीं है सिंघासन चढ़ते जाना, सब समाज को लिए साथ में आगे है बढ़ते जाना। एक ओर मां नर्मदा गंतव्य की ओर आगे बढ़ रहीं हैं वहीं दूसरी और श्रीरामकथा गंगा भी पूरे वेग के साथ चलते हुए आज अष्टम दिवस तक पहुंची है। उन्होंने कहा कि समरसता सेवा संगठन का यह अभिनव और अनूठा प्रयाय किया गया है। कथाओं में अमूमन आयोजक परिवार ही मुख्य यजमान होता है। लेकिन, समरसता सेवा संगठन से सभी समाजों का प्रतिनिधित्व करते हुए 42 यजमान बनाए गए हैं। भगवान की कथा और भगवान दोनों अनंत हैं। आज इस मंच के माध्यम से जहां समाज में बांटने की रणनीति चल रही है, वहीं पर संस्कारधानी से संदेश दे रहे हैं, चाहे पंथ अनेक हों पर हम सब हिंदू एक हों। महाराजश्री विश्व की श्रेष्ठतम विभूति हैं।

### इन्होंने किया पादुका पूजन

कथा पूर्व रामानंदाचार्य पीठ की प्राचीनतम पादुकाओं का पूजन हितानंद जी शर्मा, श्री रत्नेश सोनकर ,श्री नीरज सिंह ,श्री एस पी गौतम , अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रुपराह, उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा ,वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, पं. आशीष शुक्ला ,श्रीमती ऋचा धीरावानी, डॉ. जतिन धीरवानी , श्रीमती कल्पना पचौरी, राजेश गुप्ता , प्रमोद पंडा , अंजली मनीष खरे, सुरेन्द्र राजपूत , राज वर्मा , आशीष राय डॉ. जितेन्द्र जामदार, संदीप जैन, अखिल मिश्रा आदि ने किया। सुखानंद द्वाराचार्य स्वामी राघव देवाचार्य की उपस्थिति में तुलसी पीठ के युवराज आचार्य रामचंद्र दासजी ने पादुका पूजन का मंगल विधान संपन्न कराया। पादुका पूजन करते हुए सभी यजमान और आगंतुक भाव विभोर रहे। मंच पर उपस्थित स्वामी गिरीषानंद जी,स्वामी राजानामानुजाचार्य , स्वामी अशोकानंद जी सहित अन्य संतवृंदों का पुष्पमाला से स्वागत समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने किया।

### व्यासपीठ से महाराजश्री उवाच-

- ■ जो अपने पति को पतन से बचाए, उसे पत्नी कहते हैं।
- ■ यह शताब्दी हिंदुओं की है, अब हम परतंत्र नहीं हैं।
- ■ अंग्रेजी-उर्दू आए न आए पर संस्कृत सबको आनी ही चाहिए।
- ■ वक्ताओं के प्रवचन होते हैं पर आचार्य के आशीर्वचन होते हैं।
- ■ सीतारामजय सीताराम संकीर्तन का वैज्ञानिक प्रभाव है।
- ■ हम हिन्दुत्व की सेना इकट्ठी कर हिन्दू विरोधियों को दंड देंगे।
- ■ चाहे पंथ अनेक हों पर हम सब हिंदू एक हों।
- ■ नर्मदा जी चित्रकूट की अनुसुइया जी की शिष्या हैं।
- ■ जहां कामदेव के बाणों का भंग जो जाए, उसे शरभंग कहते हैं
- ■ दुष्ट है वह पुरुष जो पहले महिला का दुरुपयोग करता है, फिर उसकी निंदा करता है।



## पत्रक पूजन संपन्न, अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जयंती पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब निकलेगा

**जबलपुर।** गोसलपुर सर्व ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जयंती पर भव्य शोभायात्रा का ऐतिहासिक आयोजन किया गया है, समिति के अध्यक्ष महेश तिवारी ने बताया कि आज राधा कृष्ण कुटी रामसागर में नगर के वरिष्ठ पुरोहित शंकरलाल तिवारी ने वैदिक मंत्रों के साथ विधि-विधान से हवन, आरती के साथ भगवान विष्णु के छठे अवतार ऋषि जमदग्नि के पुत्र परशराम जयंती शोभायात्रा के पत्रक का पूजन किया। ग्राम गोसलपुर में परशुराम जयंती के अवसर पर विगत अनेक वर्षो से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाता है, प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 19 अप्रैल 2026 दिन रविवार, वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की अक्षय तृतीया तिथि को रामसागर तालाब के पास राधा कृष्णन कुटी से समस्त ब्राह्मण बंधु एकत्रित होकर हाथ में फरसा, भगवान ध्वज और भगवान परसराम के जयकारों के साथ नगर भ्रमण के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम के दौरान नगर के गणमान्यजन भी भगवान परशुराम के चल समारोह में सम्मिलित होंगे। शोभायात्रा के पश्चात समस्त क्षेत्रवासियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष महेश तिवारी, एनके शुक्ला, राम निरंजन दुबे, लक्ष्मण पालीवाल, मोहित तिवारी, रमेश चंद्र शुक्ला, रमन मिश्रा, भुवनेश तिवारी, इंद्र कुमार उपाध्याय, अर्पित चौबे, प्रीति पालीवाल, जितेंद्र पांडे, एसके तिवारी, मोंटी दुबे, रवि तिवारी, स्वतांक पालीवाल, कुलदीप अवस्थी, अतुल अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस ने महात्मा ज्योतिराव फुले जयंती मनाई

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिराव फुले की 199वीं जयंती तीन मूर्ति आम्बेडकर पार्क सदर केंट में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र पिल्ले, हनुमत राव, धर्मेन्द्र कुशवाहा, एड. अनिल बावरिया, अमरचंद बावरिया, एड. रूपलाल पासी, डॉ. मनोज चौधरी, रवि बावरिया, सुरेश पासी, भगवती ठाकुर, प्लाश मजूमदार, पुरुषोत्तम नामदेव, राजेन्द्र सिंह निझावन, जब्बार अंसारी, अनवर बाबा सहित अनेक क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

## डॉ. भीमराव आम्बेडकर व महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर नाट्य प्रस्तुति आज

**जबलपुर।** बोधिसत्व डॉ. भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति द्वारा डॉ. आम्बेडकर हाईकोर्ट चौक पर 13 अप्रेल को डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती पर रात 10 बजे से महात्मा ज्योतिबा फुले पर एक नाटक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उपासक एवं उपासिकाएं नीले रंग के परिधान में भारतीय संविधान ग्रंथ के साथ उपस्थित हों। डॉ. आम्बेडकर जयंती पर रात 12 बजे केट काटकर सभी बौद्ध विहार के उपासक, उपासिकाओं को प्रसाद के रूप में वितरित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष यादवराव मेश्राम, संयोजक जेपी नन्हेट, दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेड़े, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजय धावर्डे, चन्द्रकला ढोके, रेखा वालके, सुनीता शेन्डे, मीना खापर्डे, अनिता जनबन्धु आदि ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## ब्राह्मण एकता मंच की एक और बैठक सम्पन्न



**जबलपुर।** भगवान श्री परशुराम जी की 18 अप्रेल को निकाली जाने वाली शोभायात्रा के संबंध में शहर के विभिन्न भागों में विप्र समाज के पदाधिकारियों द्वारा पंडित राम दुबे के मार्गदर्शन में लगातार बैठकें की जा रही हैं, इसी श्रृंखला में पूर्व सूचना अनुसार एक महत्वपूर्ण बैठक जबलपुर शहर के उपनगरीय क्षेत्र अधारताल, सुहागी, महाराजपुर में सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों के संयोजन में आयोजित की गई। इस बैठक में 18/04/26 को आयोजित होने वाली गौरवशाली भगवान श्री परशुराम जी की मुख्य शोभायात्रा के संबंध में बैठक का आयोजन सामाजिक कार्यों में अग्रणी पंडित प्रहलाद गर्ग-अलका गर्ग के निवास पर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विप्र समाज के पदाधिकारियों ने भगवान श्री परशुराम जी के तैलचित्र पर पुष्प माला अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया। शोभायात्रा के संबंध में व्यापक जानकारी जैसे कार्यक्रम में रैली के शुभारंभ स्थान से समापन, पार्किंग, विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति आदि के संबंध में पंडित कपिल दुबे, डॉ. विजयकांत तिवारी, अतुल दुबे, राहुल दुबे द्वारा दी गई। इस अवसर पर आज के परिदृश्य में समाज को एकजुट रखने क्या-क्या सामाजिक कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर वरिष्ठ समाजसेवियों ने उपस्थितजनों का मार्गदर्शन किया। शोभायात्रा में भगवा एवं पीले वस्त्रों में सपरिवार बड़ी संख्या में सायं 4.30 बजे मालवीय चौक पर उपस्थिति पर सहमति जताई गई। सभी ने शोभायात्रा को दिव्य भव्य बनाने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में पंडित प्रहलाद गर्ग, परशुराम दुबे, पंडित अशोक उपाध्याय, शिवाकांत त्रिपाठी, महेन्द्र दीक्षित, श्रीमती प्रवीना पाठक, शैलेन्द्र जोशी, मंगल पांडे सहित क्षेत्र के अनेक समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## वेलनेस सेंटर-4 में सलाहकार समिति की मासिक बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) डिस्पेंसरी 4 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरपी रावत की अध्यक्षता में नगर के सीनियर्स सिटीजनों के विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि अनिल शुक्ला, गुरमुख दास, मृगेन्द्र नारायण सिंह के साथ मासिक बैठक आयोजित की गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरपी रावत ने पिछली बैठक के बिंदुओं की समीक्षा कर की गई कार्यवाही से अवगत कराया, जिसे सभी ने सराहा। वहीं सलाहकार प्रतिनिधि एमएन सिंह, गुरमुख दास, अनिल शुक्ला ने डिस्प्ले बोर्ड के सुचारू संचालन न होने की बात कही, वहीं गर्मी को देखते हुए वाटर कूलर, एयर कूलर, पंखों की बेहतर साफ-सफाई का सुझाव दिया, इस पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरपी रावत ने बताया कि इन उपकरणों की साफ-सफाई करा दी है जो सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। डॉ. रावत ने ये भी कहा कि भीषण गर्मी का सीजन है इससे बुजुर्गों को विशेष रूप से अपना बचाव करना होगा।अनिल शुक्ला ने बताया कि इस बैठक में डॉ. आरपी रावत, डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एसके राय, मनोज कुमार, लव डांगी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनन्द कुमार, रवि कुमार, हेमराज आर्मो, रंजना का सराहनीय योगदान रहा। डिस्पेंसरी के सीनियर स्टाफ मनोज कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नेमा समाज का गौरव अलंकरण समारोह सोल्लास सम्पन्न, शिक्षा मंत्री हुए भावविभोर



**जबलपुर।** शहीद स्मारक सभागार में नेमा युवक संघ जबलपुर के संयोजन में अखिल भारतीय श्री दशा नेमा वणिक समाज की 15वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सामान्य सभा एवं गौरव अलंकरण समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह चौहान उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. पुरुषोत्तम नेमा ने की। मंच पर डॉ. अखिलेश गुमास्ता, राष्ट्रीय महासचिव युवामणि राकेश नेमा, आनंद नेमा एवं सुनील नेमा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। समारोह में 101 प्रतिभाओं को मोती माला, पट्टिका एवं समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।

नेमा शिक्षक परिवार द्वारा डॉ. संदीप नेमा, विजय नेमा, शालिनी हर्षित नेमा, पवित्रा नेमा, कामिनी नेमा, नीलम नेमा सहित अन्य शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री का शाल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर आत्मीय सम्मान किया। इस सम्मान से अभिभूत होकर शिक्षा मंत्री भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि "नेमा" समाज सद्‌चरित्र, आचरण और शुचिता का प्रतीक है तथा शिक्षा व संस्कारों से युक्त एक आदर्श समाज है, जिसके योगदान प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में अजय कमल, विमल प्रकाश, शैलेन्द्र नेमा, मनीष गुप्ता, सत्यनारायण, आशीष नेमा, रेखा नेमा, सीमा नेमा, विनीता, मंजुला नेमा, निधि नेमा, श्वेता नेमा एवं कीर्ति गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण नेमा ने किया।

## सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ का अधिवेशन व निर्वाचन सम्पन्न



**जबलपुर।** सिंह मैरिज गार्डन, बेदी नगर में 12 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ म.प्र. जिला समिति जबलपुर एवं महाकोशल क्षेत्रीय समिति का अधिवेशन एवं निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम मुख्य अतिथि इंजीनियर उमेश दुबे (प्रांताध्यक्ष) के आतिथ्य में आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर विजय प्रताप सिंह परिहार, इंजीनियर विद्याधर पाण्डे, इंजीनियर पी.एस. परिहार, इंजीनियर सी.एस. दवे, इंजीनियर एस.आर. बिलथरिया, इंजीनियर अशोक दुबे एवं इंजीनियर यू.के. गौतम उपस्थित रहे। अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजीनियर आर.पी. चौबे ने की। निर्वाचन प्रक्रिया इंजीनियर विजय प्रताप सिंह परिहार (निर्वाचन अधिकारी) एवं इंजीनियर विद्याधर पाण्डे (सहायक निर्वाचन अधिकारी) द्वारा सम्पन्न कराई गई। महाकोशल क्षेत्रीय समिति में इंजीनियर आर.पी. चौबे अध्यक्ष, इंजीनियर प्रवीण दीक्षित सचिव एवं इंजीनियर डी.के. साहू कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं जिला समिति जबलपुर में इंजीनियर एस.के. खरे अध्यक्ष, इंजीनियर सतीश राय सचिव एवं इंजीनियर देवेन्द्र कुमार गोंटिया कोषाध्यक्ष चुने गए।

अधिवेशन में नरसिंहपुर, मंडला, डिंडौरी एवं कटनी जिलों के पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों—लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी एवं अन्य तकनीकी विभागों के सेवानिवृत्त इंजीनियर्स बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## भारतीय समाज में शिक्षा की ज्योति जगाने वाले क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योति बा फुले की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर**। आज भारत के महान समाज सुधारक, विचारक, समाजसेवी और क्रान्तिकारी कार्यकर्ता महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम के संचालक क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने आश्रम में उपचार ले रहे नशा पीड़ितों को महात्मा ज्योतिराव फुले के जीवन के विषय में बताते हुआ कहा कि महात्मा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। ज्योतिबा फुले जीवन भर भारतीय समाज की सेवा में जुटे रहे। उन्होंने वंचितों, शोषितों व महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अपना पूरा जीवन अर्पण कर दिया।



महात्मा फुले कहा करते थे- "विद्या बिना मति गयी, मति बिना नीति गयी, नीति बिना गति गयी, गति बिना वित्त गया, वित्त बिना शूद गये, इतने अनर्थ, एक अविद्या ने किये।"

उन्होंने महाराष्ट्र में सर्वप्रथम महिला शिक्षा तथा अछूतोद्धार का काम आरंभ किया था। उन्होंने पुणे में लड़कियों के लिए भारत का पहला विद्यालय खोला। ज्योतिराव फुले को महात्मा की उपाधि समाज सुधारक विट्ठलराव कृष्णाजी वंदेकर ने दी थी। यह 63 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु से कुछ साल पहले उस समय भारतीय समाज में व्याप्त बुराइयों से लड़ने के उनके प्रयासों को मान्यता देने के लिए दिया गया था। उन्होंने अपने कुएं का पानी उपयोग करने की अनुमति देकर, निचली जातियों को घेरने वाली सामाजिक अस्पृश्यता के कलंक को दूर करने का प्रयास किया। महात्मा ज्योतिबा फुले के सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों में कई उदारवादी ब्राह्मणों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया था। उनके प्रमुख ब्राह्मण सहयोगियों में विनायक बापूजी भंडारकर, विनायक बापूजी डेंगल और सीताराम सखाराम दातार ने फुले जी के सामाजिक आंदोलन में बढ़ चढ़कर सहयोग किया।

ज्योतिबा फुले ने कभी भगवान और सनातन धर्म का विरोध नहीं किया, बल्कि उनका मानना था कि ईश्वर सबके हैं कण-कण में व्याप्त हैं चाहे वह सजीव हो या निर्जीव। उन्होंने धर्म के नाम पर भ्रष्टाचार और छुआछूत के विरुद्ध जागरूकता फैलाई और शिक्षा की अलख जगाई।




## सर्वमंगला समिति की सदस्यों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**जबलपुर।** महिलाओं की समिति सर्वमंगला का दो दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन कचनार क्लब में आयोजित किया गया। आयोजन में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें मेंहदी, रंगोली, रील बनाना इत्यादि थीं। इसके बाद प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया, अतिथियों में श्रीमती रोहणी गायकवाड, शवेतासिंह, आशा पांडे दीक्षित एवं शवेता मसराम थीं। आयोजन को सफल बनाने में स्वाति गोडवोले, रंजनावर्तक, जया पागे, राधिका बेहरे, लीना वाते, प्रीती गोरे, अर्चना वैध शमा, अशु कांचन सप्रे का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन निलिमा देशपांडे एवं सोनल उज्जैनकर ने किया। आभार प्रदर्शन प्रीती जोशी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## शहर को स्वच्छ बनाने पार्षद और जनता ने थामी झाड़ू

**जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुँचाने के लिए नगर निगम का अभियान अब एक जन-आंदोलन बनता जा रहा है। स्वच्छता के प्रति इसी समर्पण की एक प्रेरक तस्वीर चेरीताल वार्ड में देखने को मिली। यहाँ स्थानीय पार्षद श्रीमती प्रतिभा भापकर ने स्वयं जमीन पर उतरकर कमान संभाली। वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर झाड़ू थामी और सड़कों की सफाई की। इस अभियान की खास बात यह रही कि यहाँ केवल कचरा ही नहीं हटाया गया, बल्कि वार्ड को 'विजुअल ट्रीट' देने का प्रयास भी हुआ। पार्षद और उनके साथियों ने मिलकर वार्ड की दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग बनाई।



